(d) the Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF FOOD (SHRI AJIT SINGH): (a) to (d) No, Sir. As per the State Government of Punjab, 14 out of 15 sugar mills in Cooperative Sector in Punjab are in operation at present. Only one sugar mill has not run for two seasons due to various reasons.

बाल श्रमिकों के नियोजन में वृद्धि

1130. **श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला:** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्ष 1991 से बाल श्रमिकों के नियोजन में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने इस अवधि के दौरान समाज पर पड़ने वाले इसके दुष्प्रभावों का मूल्यांकन किया है;

(घ) बाल श्रमिकों के नियोजन को कम करने के लिए क्या-क्या विशेष कदम उठाये गये हैं; और

(ङ) क्या सरकार बाल श्रमिकों के नियोजन के संदर्भ में एक राष्ट्रीय नीति घोषित करने का विचार रखती है?

श्रम मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी): (क) से (ग) बाल श्रम संबंधी प्रामाणिक आंकड़े दस-वर्षीय जनगणना के आधार पर सृजित किए जाते हैं। 1981 की जनगणना के अनुसार, कामकाजी बालकों की संख्या 13.6 मिलियन थी। 1987-88 में आयोजित राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन के 43वें दौर में बाल कर्मकारों की संख्या 17.02 मिलियन आंकी गयी है। 1991 की जनगणना के अनुसार बाल श्रम संबंधी आंकड़े अभी तक जारी नहीं किए गए हैं।

अनेक सामाजिक-आर्थिक कारकों के कारण बाल श्रम प्रथा की बुराइयां विद्यमान और जारी हैं। जबकि कोई व्यवस्थित मात्रात्मक मूल्यांकन नहीं किया गया है, सामान्य तौर पर यह स्वीकार किया जाता है कि बाल श्रम एक अनिष्टकारी प्रथा, बाल्यावस्था के आनन्द से वंचित करने वाली और सामाजिक अवसरों (जैसे शिक्षा) तक पहुंचने में रूकावट पैदा करने वाली प्रथा है जो यदा कदा बालकों के व्यक्तित्व और कृतित्व तथा मानव जीवन के विकास और पूर्ण विकास के मार्ग में आड़े आती है।

(घ) और (ङ) सरकार ने बाल श्रम की समस्या से निपटने के लिए पहले ही अनेक कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय बाल श्रम नीति, 1987 के अनुसार, बाल श्रम से (क) विधान; (ख) बालकों के लाभार्थ सामान्य विकास कार्यक्रमों; और (ग) राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजनाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से निपटा जा रहा है।

एक व्यापक कानून अर्थात् बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 का उद्देश्य 7 व्यवसायों और 18 प्रक्रियाओं में बालकों के नियोजन को प्रतिषिद्ध करना है। बालकों के हित की रक्षा करने के अलावा, कारखाना अधिनियम, 1948, खान अधिनियम, 1952, मोटर परिवहन (कर्मकार) अधिनियम, 1961 आदि जैसे विभिन्न श्रम कानूनों में संरक्षात्मक उपबंध विहित हैं। सरकार का दृष्टिकोण कानून के बाल श्रम संबंधी सभी उपबंधों को सामंजस्यपूर्वक कार्यान्वित करना है।

वर्तमान में, सरकार, जोखिमकारी व्यवसायों में बाल श्रम, जो अनुमानतः 20 लाख है, का सन् 2000 तक उन्मूलन करने के कार्य में लगी हुई है। अभी तक 2270 विशेष स्कूलों, के माध्यम से लगभग 1.36 लाख बालकों को शामिल करने के लिए 70 बाल श्रम परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गयी है, जिनमें उन्हें अनौपचारिक शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, अनुपूरक पोषणाहार, स्वास्थ्य देख-रेख और वजीफा आदि मुहैया करवाया जाता है। इसके अलावा, बाल श्रम की बुराई के विरूद्ध व्यापक जागरुकता सृजन अभियान भी शुरू किया गया है।

P.F. Scam in Inter-State Board for Anglo-Indian Education, Delhi

1131. SHRI V. GOPALSAMY: Will the Minister of LABOUR be pleased to state:

(a) whether a Member of Parliament has written to Government regarding provident fund scam in Inter-State Board for Anglo-Indian Education, Delhi; if so, the details thereof;

(b) what action has been taken in this regard since then;

(c) whether any probe has been ordered; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF LABOUR (SHRI G. VENKAT SWAMY): (a) Yes, Sir.

(b) to (d) The matter has since been brought to the notice of the Employees' Provident Fund Authorities for taking necessary action under the Employees' Provident Funds & Miscellaneous Provisions Act, 1952.

Joint venture in software and personal computers

1132. SHRI BHAGABAN MAJHI: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether Government have set up some joint veuture projects in collaboration with Japan in the field of software and personal computers; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

Indo-Nepal Trade Relations

1133. SHRI SARADA MOHANTY: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether steps have been taken by Government to improve and expand Indo-Nepal trade relations;

(b) if so, the areas in which Indo-Nepal trade has been established; and

(c) the new areas identified for Indo-Nepal trade; and

(d) the details of the trade pact signed during the recent visit of Nepal Prime Minister to India?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) to (d) The Governments of India and Nepal are regularly inter-acting with each other to take measures to improve and expand trade relations in the established and new areas for mutual advantage.

The main items of export from India to Nepal include non-basmati rice, tobacco, spices, miscellenous processed items, Coal drugs and pharmaceuticals, refractories/cement etc, wood products, manufactures of metal, machinery and transport equipment, primary and semi-finished iron & steel, cotton yarn & fabrics etc. The main items of import from Nepal include pulses, spices, raw jute, textiles, essential oils and cosmetics, and medicinal and pharmaceutical products.

No trade pact was signed during the recent visit of the Prime Minister of Nepal to India.

कृषि उत्पादों का निर्यात

1134. **श्रीमती सुषमा स्वराज:** क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश के कृषि उत्पादों के निर्यात में गत वर्षों से लगातार वृद्धि हो रही है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1990-91 के दौरान निर्यात किये गये कुल कृषि उत्पादों का प्रतिशत कितना था;

(ग) वर्ष 1994-95 के दौरान आयातित इन उत्पादों का कुल मूल्य कितना था;

(घ) क्या सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कृषि उत्पादों के उत्पादन को प्रोत्साहन देने हेतु ऐसे उत्पादों की पहचान की है; और

(ङ) यदि हां, तो ऐसे कृषि उत्पादों के नाम क्या हैं, जिनके निर्यात में वृद्धि होने की संभावना है तथा इनके उत्पादन को बढ़ाने के लिए भावी योजनाएं क्या-क्या हैं?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम): (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान कृषि और सम्बद्ध उत्पादों का निर्यात इस प्रकार रहा है:

(करोड़ रु०)

वर्ष	निर्यात
1992-93	7207.50
1993-94	9720.32
1994-95	9183.36

(स्रोत: डी०जी०सी०आई० एंड एस, कलकत्ता)